# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

## National Unity Day celebration

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 01-11-2021**

# स्वतंत्र भारत @75: अखंडता के साथ आत्मनिर्भरता विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में एकता दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। विश्वविद्यालय में इस अवसर रन फॉर यूनिटी (एकता दौड़) का आयोजन किया गया, जिसे विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एक भारत श्रेष्ठ भारत, प्रकोष्ठ और राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) यूनिट के प्रयासों से आयोजित इस एकता दौड़ में भारी संख्या में विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों व कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। एक मौके पर प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने सभी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता व अखंडता की शपथ भी दिलाई।

एकता दौड़ के साथ- साथ विश्वविद्यालय में एकता दिवस के अवसर पर मुख्य सतर्कता अधिकारी कार्यालय के द्वारा स्वतंत्र भारत एट 75: अखंडता के साथ आत्मनिर्भरता विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में 19वें लॉ कमीशन के सदस्य व गुरू गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के प्रो. एम अफजल वाणी, विशिष्ट अतिथि के रूप में नेफेड के निदेशक अशोक ठाकुर



व रिसोर्स पर्सन के रूप में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिक एडमिनिस्ट्रेशन, नई दिल्ली के प्रो.सुरेश मिश्रा उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय के मुख्य सतर्कता अधिकारी प्रो. राजेश मलिक ने कार्यशाला के विषय पर प्रकाश डाला और इसके महत्व से अवगत कराया। उन्होंने अपने सम्बोधन में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न आयोजन के विषय में भी प्रतिभागियों को जानकारी दी और कहा कि इन आयोजनों के माध्यम से अवश्य ही हम प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता की स्थापना के निर्धारित उद्देश्यों को प्राप्त कर पायेंगे। प्रो. सुरेश मिश्रा ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कोरोना महामारी के चलते विश्व स्तर पर बदली परिस्थितियों और उसके बाद सुधार की दिशा में उठाये गए आत्मनिर्भर भारत अभियान की परिकल्पना और उसके लिए जारी विभिन्न प्रयासों विशेषकर गुड गवर्नेंस पर विस्तार से प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि अशोक ठाकुर ने कहा कि किसी भी देश व संस्था के विकास के लिए पहली शर्त है भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन। उन्होंने नेफेड के स्तर पर उठाये गए विभिन्न कदमों की जानकारी दी। कार्यशाला में मुख्य वक्ता प्रो. एम अफजल वाणी ने अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन देश की एकता के दिवस के रूप में महत्वपूर्ण है जिसे देशभर में महाउत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। राष्ट्रीय कार्यशाला के आयोजन में कार्यशाला के संयोजक प्रो. राजबीर दलाल, डॉ. मोनिका मलिक सहित प्रोग्राम संयोजक डॉ. कुलवंत मलिक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एक भारत श्रेष्ठ भारत के नोडल ऑफिसर डॉ. रमेश कुमार ने एकता दौड़ के अवसर पर अपने वक्तव्य में प्रतिभागियों को एकता दिवस के विषय में बताया कि राष्ट्रीय एकता के प्रतीक सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को पूरा देश राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मना रहा है। एकता दौड़ में विधि विभाग के अधिष्ठाता प्रो. राजेश कुमार मलिक, डॉ.धर्मपाल पुनिया, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. सुनील कुमार, एनएसएस संयोजक डॉ. दिनेश चहल, डॉ. पायल चंदेल, डॉ. जयप्रकाश, डॉ. शरण व एक भारत श्रेष्ठ भारत और एनएसएस यूनिट के प्रतिभागी मौजूद रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 01-11-2021**

# बच्चों को एकता की शपथ दिलाई



हकेवि में प्रतिभागियों को एकता की शपथ दिलाती हुई प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ● जागरण

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़:** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में एकता दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। विश्वविद्यालय में इस अवसर पर रन फार यूनिटी (एकता दौड़) का आयोजन किया गया। जिसे विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर सभी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता व अखंडता की शपथ भी दिलाई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। कार्यशाला में 19वें ला कमीशन के सदस्य व गुरू गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के प्रो. एम अफजल वाणी, विशिष्ट अतिथि के रूप में नेफेड के निदेशक अशोक ठाकुर व रिसोर्स पर्सन के रूप में इंडियन इंस्टीट्यूट आफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, नई दिल्ली के प्रो. सुरेश मिश्रा उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के मुख्य सतर्कता अधिकारी प्रो. राजेश मलिक ने कार्यशाला के विषय पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय कार्यशाला के आयोजन में संयोजक प्रो. राजबीर दलाल, डा. मोनिका मलिक सहित प्रोग्राम संयोजक डा. कुलवंत मलिक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

एक भारत श्रेष्ठ भारत के नोडल आफिसर डा. रमेश कुमार ने प्रतिभागियों को एकता दिवस के विषय में बताया। एकता दौड़ में विधि विभाग के अधिष्ठाता प्रो. राजेश कुमार मलिक, डा. धर्मपाल पुनिया, डा. विनोद कुमार, डा. सुनील कुमार, एनएसएस संयोजक डा. दिनेश चहल, डा. पायल चंदेल, डा. जयप्रकाश, डा. शरण व एक भारत श्रेष्ठ भारत और एनएसएस यूनिट के प्रतिभागी मौजूद रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Tribune** **Date: 01-11-2021**

## हकेंवि में रन फॉर यूनिटी

**महेन्द्रगढ़ (निस) :** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने इस हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि सरदार पटेल ने आजाद भारत की एकता व अखंडता में उल्लेखनीय योगदान दिया।

दैनिक ट्रिब्यून

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 01-11-2021**

## एकता दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया

महेंद्रगढ़। लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में एकता दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। विश्वविद्यालय में इस अवसर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। जिसे विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एक भारत श्रेष्ठ भारत, प्रकोष्ठ और राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) यूनिट के प्रयासों से यह दौड़ आयोजित हुई। इस मौके पर प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने सभी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता व अखंडता की शपथ भी दिलाई। एकता दौड़ के साथ- साथ विश्वविद्यालय में एकता दिवस के अवसर पर मुख्य सर्तकता अधिकारी कार्यालय के द्वारा स्वतंत्र भारत एट 75 अखंडता के साथ आत्मनिर्भरता विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में 19वें लॉ कमीशन के सदस्य व गुरू गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय नई दिल्ली के प्रो. एम अफजल वाणी, विशिष्ट अतिथि के रूप में नेफेड के निदेशक अशोक ठाकुर व रिसोर्स पर्सन के रूप में इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, नई दिल्ली के प्रो. सुरेश मिश्रा उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Rashtriya Khabar** **Date: 01-11-2021**

**नमन** एक भारत-श्रेष्ठ भारत के निर्माण में सरदार पटेल का योगदान अविस्मरणीय : प्रो. टंकेश्वर कुमार

# एकता दिवस पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में रन फॉर यूनिटी

राष्ट्रीय खबर ब्यूरो



**चंडीगढ़:** लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में एकता दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया, जिसे प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एक भारत श्रेष्ठ भारत, प्रकोष्ठ और राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट के प्रयासों से आयोजित इस एकता दौड़ में भारी संख्या में विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों व कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

एक मौके पर प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने सभी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता व अखण्डता की शपथ भी दिलाई। एकता दौड़ के साथ- साथ विश्वविद्यालय में एकता दिवस के अवसर पर मुख्य सर्तकता अधिकारी कार्यालय के द्वारा स्वतंत्र भारत एट 75: अखंडता के साथ आत्मनिर्भरता विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में 19वें लॉ कमीशन के सदस्य व गुरू गोबिंद सिंह इन्द्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के प्रो. एम अफजल वाणी, विशिष्ट अतिथि के रूप में नेफेड के निदेशक श्री अशोक ठाकुर व रिसोर्स पर्सन के रूप में इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ पॉलिक एडमिनिस्ट्रेशन, नई दिल्ली के प्रो.सुरेश मिश्रा उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि सरदार पटेल ने आजाद भारत की एकता व अखंडता में उल्लेखनीय योगदान दिया।

प्रो. सुरेश मिश्रा ने कोरोना महामारी के चलते विश्व स्तर पर बदली परिस्थितियों और उसके बाद सुधार की दिशा में उठाये गए आत्मनिर्भर भारत अभियान की परिकल्पना और उसके लिए जारी विभिन्न प्रयासों विशेषकर गुड गर्वेनेंस पर विस्तार से प्रकाश डाला।

विशिष्ट अतिथि अशोक ठाकुर ने कहा कि किसी भी देश व संस्था के विकास के लिए पहली शर्त है भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन। उन्होंने नेफेड के स्तर पर उठाये गए विभिन्न कदमों की जानकारी दी। मुख्य वक्ता प्रो. एम अफजल वाणी ने कहा कि आज का दिन देश की एकता के दिवस के रूप में महत्वपूर्ण है जिसे देशभर में महाउत्सव के रूप में मनाया जा रहा है।

राष्ट्रीय कार्यशाला के आयोजन में कार्यशाला के संयोजक प्रो. राजबीर दलाल, डॉ. मोनिका मलिक सहित प्रोग्राम संयोजक डॉ. कुलवंत मलिक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एकता दौड़ में विधि विभाग के अधिष्ठाता प्रो. राजेश कुमार मलिक, डॉ.धर्मपाल पुनिया, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. सुनील कुमार, एनएसएस संयोजक डॉ. दिनेश चहल, डॉ. पायल चंदेल, डॉ. जयप्रकाश, डॉ. शरण व एक भारत श्रेष्ठ भारत और एनएसएस यूनिट के प्रतिभागी मौजूद रहे।